# लोक प्रशासन / PUBLIC ADMINISTRATION

## प्रश्न-पत्र II / Paper II

निर्धारित समय : तीन घंटे
Time Allowed : **Three** Hours

अधिकतम अंक : **250**
*Maximum Marks* : **250**

### प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

*कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :*

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों में छपे हुए हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are* **EIGHT** *questions divided in* **TWO SECTIONS** *and printed both in* **HINDI** *and in* **ENGLISH**.

*Candidate has to attempt* **FIVE** *questions in all.*

*Questions no.* **1** *and* **5** *are compulsory and out of the remaining, any* **THREE** *are to be attempted choosing at least* **ONE** *from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

## खण्ड A

## SECTION A

Q1. निम्नलिखित में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में उत्तर दीजिए :
Answer the following in about 150 words each : 10×5=50

(a) "कौटिल्य का *अर्थशास्त्र* राज्य एवं शासनकला पर एक सैद्धांतिक कृति है ।" टिप्पणी कीजिए ।

"Kautilya's *Arthashastra* is a theoretical work on the State and Statecraft." Comment. 10

(b) आलोचक कभी-कभी तर्क करते हैं कि नौकरशाही राष्ट्र के विकास में बाधक होती है । विश्लेषण कीजिए ।

Critics, sometimes, argue that bureaucracy is an impediment to a nation's development. Analyse. 10

(c) इक्यानवें सांविधानिक संशोधन अधिनियम ने केन्द्र तथा राज्य, दोनों स्तरों पर, मंत्रिपरिषद् के आकार को सफलतापूर्वक सही बना दिया है । टिप्पणी कीजिए ।

The Ninety-First Constitutional Amendment Act successfully right-sized the Council of Ministers both at Union and State levels. Comment. 10

(d) क्या यह सही है कि वित्त आयोग भारत में स्थानीय निकायों को वित्तीय मज़बूती प्रदान कर रहा है ? अपने उत्तर के लिए तर्क दीजिए ।

Is it true that the Finance Commission has been lending financial strength to the local bodies in India ? Argue in favour of your response. 10

(e) "भारतीय संसदीय लोकतंत्र निर्वाचित प्रमुख को ही राज्य की वास्तविक कार्यपालिका के रूप में परिकल्पित करता है ।" विवेचन कीजिए ।

"Parliamentary democracy in India envisages elected head as the real executive of a State." Discuss. 10

**Q2.** (a) "लोकतंत्र के वेस्टमिन्सटर मॉडल के अनुसार भारतीय प्रधानमंत्री अपने ब्रिटिश समकक्ष की तुलना में अधिक सशक्त हैं ।" विस्तार से समझाइए ।

"Indian Prime Minister is more empowered than his British counterpart in the Westminster model of democracy." Elucidate. *20*

(b) संशोधन उपरान्त अवधि में पंचायतें प्रतिस्पर्धी राजनीति का एक मंच तो बन गई हैं, लेकिन नियोजन एवं सेवा प्रदाता के कारक के रूप में नहीं उभर पाई हैं । परीक्षण कीजिए ।

Post-amendment period Panchayats have become a platform of competitive politics, but could not emerge as an agency of planning and service delivery. Examine. *20*

(c) भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश दीपक मिश्रा ने अवलोकन किया : "दक्ष न्यायपालिका एक महान राष्ट्र की कसौटी होती है ।" टिप्पणी कीजिए ।

Former Chief Justice of India, Dipak Misra observed : "An efficient judiciary is the hallmark of a great nation." Comment. *10*

**Q3.** (a) भारत में डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे के विकास के दृष्टिकोण को अपनाने से विकास लक्ष्यों में उल्लेखनीय उन्नति हुई, सार्वजनिक क्षेत्र में बढ़ी हुई दक्षता हासिल हुई और निजी क्षेत्र में नवाचार के द्वार खुल गये हैं । स्पष्ट कीजिए ।

India has significantly advanced in its development goals, increased efficiency in the public sector and unlocked innovation in private sector by adopting the approach of building Digital Public Infrastructure. Elucidate. *20*

(b) "देश के लिए एकीकृत एवं समग्र योजनाएँ बनाने के प्रयास जटिल और चुनौतीपूर्ण होते हैं ।" विवेचन कीजिए ।

"Attempts to prepare unified and holistic plans for the country are complex and full of challenges." Discuss. *20*

(c) "विकास की प्रक्रिया में अत्यधिक राजनीतिक हस्तक्षेप राष्ट्रीय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए चिंता का कारण बन गया है ।" परीक्षण कीजिए ।

"Excessive political interference in development process has become a cause of concern in achieving national goals." Examine. *10*

**Q4.** (a) "...... को छोड़कर राज्यपाल को अपने कृत्यों का प्रयोग करने में सहायता और सलाह देने के लिए एक मंत्रिपरिषद् होगी जिसका प्रधान मुख्यमंत्री होगा ।" इस संवैधानिक प्रावधान पर आजकल व्यापक बहस चल रही है । स्पष्ट कीजिए ।

"There shall be Council of Ministers with the Chief Minister at the head to aid and advise the Governor in the exercise of his functions, except .... ." This constitutional provision is being intensively debated nowadays. Elucidate. 20

(b) उपायुक्त/जिला कलक्टर के कार्यों को पुनः परिभाषित तथा पुनः संगठित करने की आवश्यकता है । विस्तार से समझाइए ।

There is a need to redefine and realign the functions of the Deputy Commissioner/District Collector. Elaborate. 20

(c) भारतमाला – समृद्धि का मार्ग – 2017 में प्रारम्भ की गई एक परियोजना का परीक्षण कीजिए ।

Examine Project Bharatmala – Road to Prosperity – launched in 2017. 10

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5. निम्नलिखित में से प्रत्येक का लगभग 150 शब्दों में उत्तर दीजिए :**

**Answer the following in about 150 words each :** ***10×5=50***

(a) आईएएस अधिकारियों के प्रवेश प्रशिक्षण के जिला प्रशिक्षण घटक पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है । परीक्षण कीजिए ।

The district training component of Induction Training of IAS officers requires to be revisited. Examine. *10*

(b) "मिशन अन्त्योदय ग़रीबी-मुक्त भारत की परिकल्पना को साकार करने का प्रयास है ।" परीक्षण कीजिए ।

"Mission Antyodaya strives to realize the vision of poverty-free India." Examine. *10*

(c) गठबंधन के आयाम नेतृत्व की प्रकृति, राजनीतिक दल तथा समकालीन राजनीतिक परिस्थितियों के अनुसार बदलते रहते हैं । विश्लेषण कीजिए ।

The dynamics of coalitions vary with the nature of leadership, political parties and contemporary political conditions. Analyze. *10*

(d) कोषागारों के कंप्यूटरीकरण ने लेखांकन तथा बजट आयोजन प्रक्रिया में क्रांतिकारी परिवर्तन ला दिया है । टिप्पणी कीजिए ।

Computerization of treasuries has revolutionized the accounting and budget planning process. Comment. *10*

(e) क्या आप सहमत हैं कि मंत्रियों के संवैधानिक और नैतिक आचरण के उच्च मानकों को कायम रखने के लिए नीति संहिता एवं आचार संहिता सहायक होंगी ? व्याख्या कीजिए ।

Do you agree that code of ethics and code of conduct for ministers would help in upholding higher standards of their constitutional and ethical conduct ? Explain. *10*

**Q6.** (a) "सिविल सेवा सुधारों के साथ-साथ पारदर्शी स्थानांतरण नीति सिविल सेवकों को अवांछित राजनीतिक खींचातानी एवं दबावों से बचाने में काफी मददगार होगी ।" विवेचन कीजिए ।

"Civil Service Reforms along with a transparent transfer policy will go a long way in insulating civil servants from undesired political pulls and pressures." Discuss. *20*

(b) "त्रिपुरा से अफ्स्पा (AFSPA) को वापस लेने से पूरे राज्य तथा सम्पूर्ण उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में सकारात्मक संकेत दिया गया है ।" क्या आप समझते हैं कि इस मामले में अधिक तार्किक नीतिगत निर्णयन का अब उपयुक्त समय आ गया है ।

"The withdrawal of AFSPA from Tripura has sent a positive signal across the State and North-Eastern Region." Do you think that now it is an appropriate time to take a more rational policy decision in this matter. *20*

(c) स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार का स्वच्छता के लिए अब तक का सबसे महत्त्वपूर्ण अभियान है । टिप्पणी कीजिए ।

The Swachh Bharat Abhiyan is by far the most significant cleanliness campaign by the Government of India. Comment. *10*

**Q7.** (a) वित्तीय प्रशासन के क्षेत्र में संसद के प्रति कार्यपालिका की जवाबदेयता नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदनों के माध्यम से सुनिश्चित की जाती है । विवेचन कीजिए ।

Accountability of the Executive to the Parliament in the domain of financial administration is secured through CAG reports. Discuss. *20*

(b) पुलिस सुधारों पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय पर सरकार की प्रतिक्रिया अभावपरक रही है । इसके एकाधिक एवं बहुआयामी कारण हैं । विवेचन कीजिए ।

The government response to the Supreme Court's judgement on Police Reforms has been lackadaisical. The reasons are multiple and multidimensional. Discuss. *20*

(c) आपदाएँ विश्व के निर्धनतम लोगों को और अधिक ग़रीबी में धकेल सकती हैं । क्या आप समझते हैं कि ऐसी दुर्बलताओं का सामना करने के लिए एक व्यापक रणनीति की आवश्यकता है ?

Disasters can push the world's poorest deeper into poverty. Do you think that a comprehensive strategy to deal with such vulnerabilities is required ? *10*

**Q8.** (a) द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग की सिफारिशों के संदर्भ में, बुनियादी ढाँचागत परियोजनाओं को लागू करने के पसंदीदा तरीके के रूप में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) का मूल्यांकन कीजिए ।

In the context of the Second Administrative Reforms Commission recommendations, evaluate Public-Private Partnership (PPP) as a preferred mode of implementing infrastructural projects. *20*

(b) भारत ने 2011 में संयुक्त राष्ट्र भ्रष्टाचार-विरोधी सम्मेलन (अभिसमय) पर हस्ताक्षर कर दिए थे । इस प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए मौजूदा कानूनी ढाँचे का मूल्यांकन कीजिए ।

In 2011, India ratified the United Nations Convention Against Corruption (UNCAC). Evaluate the existing legal framework for fulfilling this commitment. *20*

(c) श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन सरकार के विभिन्न विभागों के ग्रामीण विकास प्रयासों को एकजुट करने का समूह (क्लस्टर) आधारित दृष्टिकोण है । टिप्पणी कीजिए ।

Shyama Prasad Mukherji Rurban Mission is a cluster-based approach of converging rural development efforts of different departments of the government. Comment. *10*